शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र. / रा.शि.के. / शि.शि./2023 932 — भोपाल, दिनाँक 26/4/2023

प्रति,

1.प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त मध्यप्रदेश
2.प्राचार्य / संचालक
अशासकीय डी.एल.एड महाविद्यालय
समस्त मध्यप्रदेश

विषय– डी.एल.एड. सत्र 2023–24 हेतु संस्थानों की प्रोफाईल तैयार करने विषयक।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल से सम्बद्धता प्राप्त प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानो / महाविद्यालयों में संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में ऑनलाईन प्रवेश की प्रक्रिया म.प्र. स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आयोजित की जाती है।

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में सभी संबंधित महाविद्यालयों की प्रोफाइल एम.पी.ऑनलाईन पोर्टल पर निर्मित की जाना है। इसके अनुसार महाविद्यालय द्वारा Basic Details, Course Details, Academic Staff ,Institute Infrastructure की जानकारी भरने के बाद मण्डल की सम्बद्धता का प्रमाण पत्र एवं एन.सी.टी.ई. से मान्यता का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। इसके पश्चात ही उनकी प्रोफाइल लॉक की जा सकेगी। प्रोफाइल लॉक होने के उपरान्त ही राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा महाविद्यालयों को शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।. अतः इस कार्य को गंभीरता के साथ निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाये।

एम.पी.ऑनलाईन द्वारा दिनांक 01 मई 2023 से 13 मई 2023 तक महाविद्यालय प्रोफाईल पोर्टल पर उपलब्ध कराई जायेगी। महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवश्यक जानकारी प्रदान कर सम्बंधित दस्तावेज अपलोड किये जावे।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

26/04/2023

(धनराजू एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र,
भोपाल

पृक्र. / रा.शि.के. / शि.शि./2023 933 भोपाल, दिनाँक 26/4/2023

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. मुख्य परिचालन अधिकारी, एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड भोपाल की ओर प्रेषित कर लेख है, कि आर.एस.के. एम.पी.ऑनलाईन पोर्टल पर उपरोक्तानुसार प्रोफाइल की सुविधा निर्धारित की तिथि से प्रारम्भ करना सुनिश्चित करे।
3. आई.सी.टी. कक्ष की ओर एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

26/04/2023

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र,
भोपाल